# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (15.02.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 15.02.2025, PAGE-04

# जल शक्ति अभियान से जुड़ेंगे बीआरएबीयू के छात्र

- यूजीसी ने जारी किया विश्वविद्यालय को निर्देश
- आर्टिफिशियल ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनेगा

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के छात्र जल शक्ति अभियान से जुड़ेंगे। यूजीसी ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को इस अभियान से जुड़ने का निर्देश दिया है। यूजीसी ने कुलपतियों को भेजे पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालयों में जल संचयन के लिए आर्टिफिशियल ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाया जायेगा। इस स्ट्रक्चर से वर्षा के जल को एकत्र किया जायेगा।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि यूजीसी के आदेश का अध्ययन कर अमल किया जायेगा। यूजीसी ने कहा है कि जल संचय में जन भागीदारी बहुत जरूरी है। इसमें उच्च शिक्षण संस्थानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए इस अभियान से विवि और कॉलेजों के छात्रों को जोड़ना जरूरी है। यूजीसी ने कहा है कि जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाया जायेगा। यूजीसी ने विवि को निर्देश दिया है कि वह अपने यहां कैच द रेन कार्यक्रम पर सेमिनार और कार्यशाला का आयोजन कराएं। इसके तहत छात्रों को पानी को कैसे बचाएं और इसके क्या महत्व हैं, इसके बारे में जानकारी दें। छात्रों को निर्देश दें कि वो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस अभियान का प्रचार करें। विवि को भी वेबसाइट पर अभियान की जानकारी देने को कहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:15.02.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू के शिक्षक अब शुरू करेंगे शोध

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के शिक्षक अब शोध शुरू करेंगे। रिसर्च काउंसिल की समन्वयक प्रो. संगीता सिन्हा ने बताया कि बिहार विवि के 63 प्रोफेसर के रिसर्च प्रोजेक्ट जमा हो चुके हैं। रिसर्च पेपर जमा होने के बाद अब इनकी स्क्रूटनी होगी। स्क्रूटनी के बाद शिक्षकों के प्रस्तावित रिसर्च पेपर का चयन किया जाएगा। चयनित पेपर को विवि की तरफ से राशि भी दी जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 15.02.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू पुरुष क्रिकेट टीम क्वार्टर फाइनल में

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में खेली जा रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम ने नंदाकू पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ (छत्तीसगढ़) को 24 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बिहार विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के टेक्निकल सदस्य सन्नी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार विश्वविद्यालय की टीम ने 20 ओवर में 144 रन बनाए। जवाब नंदाकू पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ (छत्तीसगढ़) की टीम 20 ओवर में सात विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी। अब बीआरए बिहार विश्वविद्यालय टीम क्वार्टर फाइनल में आज को मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा से खेलेगी।